कार्यालय–निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर

क्रमांक :–शिविरा/माध्य/छाप्रोप्र/सी/60115/इन्सपायर अवार्ड/2019–20/ दिनांक : 10.09.2020

1. समस्त संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा,
2. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं
   पदेन जिला परियोजना समन्वयक,समग्र शिक्षा अभियान,
3. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक/प्रारंभिक,
4. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं
   ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी,समग्र शिक्षा अभियान,

विषय :– इन्सपायर अवार्ड–मानक योजना के अन्तर्गत E-MIAS Portal पर सत्र 2020–21 के लिए विद्यार्थियों हेतु ऑनलाईन नॉमिनेशन अधिकाधिक संख्या में करने एवं राज्य स्तरीय सम्बलन टीम गठित करने बाबत।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली एवं National Innovation foundation (NIF),Gandhinagar (Gujarat) द्वारा कक्षा 6 से 10 तक के स्कूली विद्यार्थियों (आयुवर्ग 10–15 वर्ष) में सृजनात्मक/नवाचारी सोच विकसित करने के उद्देश्य से इन्सपायर अवार्ड–मानक योजना (Million Minds Augmenting National Aspiration and Knowledge) का संचालन किया जा रहा है। यह योजना DST की फ्लेगशिप योजना है जिसमें देश भर से स्कूली विद्यार्थियों के ऐसे श्रेष्ठ मौलिक/सृजनात्मक विचारों को सम्बल प्रदान करती है जो कि समाजिक आवश्यकताओं एवं उपयोगिता की कसौटी पर खरे उतरते हैं। E-MIAS पोर्टल पर वर्ष 2020–21 हेतु विद्यार्थियों के लिए ऑनलाईन नॉमिनेशन 01 जून, 2020 से आज दिनांक तक राजस्थान में कुल 13,013 नॉमिनेशन हुए हैं जिसके अन्तर्गत सबसे अधिक नॉमिनेशन चित्तौडगढ में 4447 हुए है इसके अतिरिक्त झुन्झुनू में 4356, हनुमानगढ में 1151 एवं सीकर में 736 नॉमिनेशन हुए है जबकि शेष जिलों के आज दिनांक तक न्यूनतम विद्यार्थियों के ऑनलाईन नॉमिनेशन किए गए हैं।

स्कूली बच्चों में इनोवेशन और रचनात्मक सोच की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय स्तर, ब्लॉक स्तर तथा जिला स्तर पर कार्य कर रहे अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्बलन, सहयोग एवं मोटीवेशन प्रदान करने हेतु राज्य स्तर पर एक सम्बलन टीम का गठन किया जा रहा है। टीम के सदस्यों का दायित्व होगा कि वह न्यून नामांकन वाले जिलों से दूरभाष एवं वेब विडियो कान्फ्रेसिंग (वेब वीसी) के माध्यम से सम्पर्क कर उन्हें अधिकाधिक इन्सपायर अवार्ड मानक योजना के तहत् विद्यार्थियों को ऑनलाईन नॉमिनेशन करने हेतु प्रेरित करेगें। सम्बलन टीम के सदस्य अपने सम्बन्धित जिले की इन्सपायर टीम को अपेक्षित सहयोग एवं सम्बलन प्रदान करते हुए जिले के अधिकारियों, संस्थाप्रधानों एवं मेन्टर शिक्षक के माध्यंम से विद्यार्थियों से सम्पर्क कर इनोवेशन एवं रचनात्मक सोच विकसित करने हेतु प्रोत्साहित करेंगें।

डॉ.अशोक शर्मा, राज्य नोडल ऑफिसर, इन्सपायर अवार्ड–मानक योजना, नियमित रूप से राज्य सम्बलन टीम से सम्पर्क में रहकर प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा कर अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करेंगे तथा श्री दुर्गाराम मांझू प्रभाग अधिकारी तकनीकी परामर्श एवं सहयोग प्रदान करेंगें।

www.rajteachers.com

राज्य स्तरीय सम्बलन टीम निम्नानुसार होगी :–

क्र. सं.	अधिकारी का नाम मय पद	पदस्थापन	सम्बन्धित संभाग जिनका प्रभारी बनाया गया है
1	श्री शांति लाल सुथार, जिशिअ	कार्या. जि.शि.अ., मा.(मु.), चित्तौड़गढ़	उदयपुर, पाली एवं कोटा संभाग
2	श्री ओमप्रकाश पालीवाल, " व्याख्याता	राउमावि,कनेरा,चित्तौडगढ	
3	श्री कमलेश तेतरवाल, अति. जि.शि.अ.	कार्या. जि.शि.अ., मा.(मु.) झुंझूनू	अजमेर, चूरू, जयपुर एवं भरतपुर संभाग
4	श्री सुरेन्द्र कुमार बडेसरा, आर.पी.	कार्या.मु.ब्लॉक शिक्षा अधि.खेतड़ी,झुंझुनू	
5	श्री रणवीर सिंह शर्मा, अति. जि.शि.अ.	कार्या. जि.शि.अ., मा.(मु.), हनुमानगढ़	जोधपुर एवं बीकानेर संभाग,
6	श्री कमलकान्त स्वामी, वरि.उप.जि.शि.अ.	कार्या. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, बीकानेर	

राज्य स्तरीय सम्बलन टीम के सदस्यों द्वारा केवल दूरभाष, वेब विडियों कान्फ्रेसिंग (वेब वी.सी.) द्वारा दायित्वों को सम्पादित करना है। अति आवश्यक होने पर यात्रा की पूर्वानुमति प्राप्त कर ही यात्रा की जावे, साथ ही यह भी ध्यान रखें कि उनको सौंपें गये विभागीय दायित्व एवं कार्य बाधित ना हो। इस सम्बन्ध में कोई भी नवीन कार्य योजना लागू करने से पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता से अनुमोदन प्राप्त किया जाना सुनिश्चित करें।

आप अपने जिले/ब्लॉक के (माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अधीन संचालित विद्यालयों) के संस्था प्रधानों को निर्देशित करें कि अंतिम दिनांक 30.09.2020 तक प्रत्येक विद्यालय से 05 श्रेष्ठ नवाचारी विचार प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों का नोमिनेशन अनिवार्यतः करवाना सुनिश्चित करें।

www.rajteachers.com

(सौरभ स्वामी)
IAS
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

कार्यालय मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, सीकर

क्रमांकः–सीडीईओ/सीकर/शै. प्र./2020/ 503 दिनांकः– 11-9-2020

समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी,
जिला सीकर

मूल पत्र भेजकर लेख है कि संस्था प्रधानों को निर्देशित करें कि अन्तिम दिनांक 30.09.20 तक प्रत्येक विद्यालय से 05 श्रेष्ठ नवाचारी विचार प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों का नोमिनेशन अनिवार्यतः करवाना सुनिश्चित करें।

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी,
सीकर